# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 30 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 143 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





# सीएम हेमंत ने कल्पना संग रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग शुक्रवार को राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन जी के संस्कार भोज में सम्मिलित होने घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचे. यहां उन्होंने दिवंगत मंत्री स्व. रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिल कर अपनी गहरी संवेदना जताई.

मुख्यमंत्री ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने स्व. रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन तथा अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी



तथा उनका ढांढ़स बंधाया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग मंत्री रामदास सोरेन के आवास पर पहुंचे हैं. आदरणीय गुरुजी के निधन के महज कुछ दिनों के बाद ही रामदास सोरेन जी का भी आकस्मिक निधन हुआ. इन दोनों विभूतियों का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्व. रामदास सोरेन के चाहने वाले एवं उनके सगे-संबंधी यहां पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं. हमारी ओर से भी स्व. रामदास सोरेन को शत शत नमन! विनम्र श्रद्धांजलि.

## सोमेश संभालेंगे पिता की राजनीतिक विरासत!

झारखंड के पूर्व शिक्षा सह निबंधन मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके बड़े पुत्र सोमेश सोरेन को राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया गया है. परिवार की आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया, जिसे झामुमो अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी स्वीकार कर लिया है. रामदास सोरेन की घाटशिला विधानसभा सीट अब रिक्त हो चुकी है. उम्मीद है कि नवंबर तक उपचुनाव कराए जाएंगे.राजनीति में बिल्कुल नए सोमेश को अब अपने पिता की मजबूत विरासत को न केवल संभालना है बल्कि आगे भी बढ़ाना है. उनके साथ उनके चचेरे भाई विक्टर और मंगल सोरेन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी. दोनों पहले से ही घाटशिला क्षेत्र में सक्रिय हैं और जनता में पहचान रखते हैं. ऐसे में सोमेश के चुनावी मैदान में उतरने से सहानुभूति का लाभ मिलने की संभावना है.

दूसरी ओर भाजपा की ओर से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन का नाम फिर से सामने आ सकता है. उन्होंने पिछली बार रामदास सोरेन के खिलाफ चुनाव लड़ा था और अब एक बार फिर सक्रिय हैं. इसके अलावा कांग्रेस नेता प्रदीप बलमुचू, जो तीन बार घाटशिला से विधायक रह चुके हैं, भी संभावित दावेदारों में शामिल हैं.घाटशिला की राजनीति अब करो या मरो के मोड़ पर है. रामदास सोरेन ने जिन परिस्थितियों में पहचान बनाई, वैसी ही मेहनत सोमेश को भी करनी होगी. यदि वे उपचुनाव हारते हैं, तो राजनीति में आगे टिके रहना मुश्किल होगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घाटशिला सीट बचाने के लिए पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि यह सीट सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी झामुमो के लिए महत्वपूर्ण हो चुकी है.

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का शुक्रवार को श्राद्धकर्म था. तमाम राजनीतिक दलों के नेता और गणमान्य उनके पैतृक आवास पर आयोजित संस्कार भोज में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए.राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्थित घोड़ाबांधा पहुंचे. राज्यपाल वहां राज्य के पूर्व मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन के संस्कार भोज में सम्मिलित होकर उनके



चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. राज्यपाल ने रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर गहरा दु:ख और शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया. इस अवसर पर उन्होंने दिवगंत रामदास सोरेन के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी.

## ब्रीफ न्यूज

### रांची समेत नौ जिलों में आज भारी बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड के नौ जिलों में 30 अगस्त को भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की गई है. इस संबंध में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है उनमें मध्यवर्ती जिले रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, धनबाद, बोकारो, कोडरमा और लोहरदगा के अलावा पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा,लातेहार और चतरा शामिल हैं. इन इलाकों में कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है. 31 अगस्त को भी राज्य के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया है. रांची और आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान 27.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई.

# उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के चार सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद

शुभम संदेश। चाईबासा

पुलिस ने चाईबासा में एक कार्रवाई करते हुए उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. ये गिरफ्तारियां बंदगांव थाना क्षेत्र से हुई है. एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सरगना बिरसा पान अपने साथियों के साथ मिलकर लेवी वसूलने और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. इस सूचना के बाद, पुलिस एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. इस टीम ने बंदगांव और टेबो थाने की पुलिस शामिल थी. 27 अगस्त की रात लगभग 11:40 बजे, पुलिस ने बंदगांव बाजार की ओर से आ रहीं दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों को देखा. इन मोटरसाइकिलों पर चार लोग सवार



थे. पुलिस को देखते ही वे भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके उन्हें पकड़ लिया. जिनकी पहचान बिरसा पान, अनिल बरजो, सुखराम मुंडू और गोपाल भेंगराज के रूप में हुई है. ये चारों आरोपी पहले भी गोइलकेरा क्षेत्र में मारपीट और लेवी वसूली जैसी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं. गिरफ्तार किए गए

उग्रवादियों की तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से कई हथियार और आपत्तिजनक सामान बरामद किए. इनमें एक देसी ऑटोमैटिक पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा गोलियां, पीएलएफआई संगठन के पर्चे और मोबाइल फोन शामिल हैं.

# मंत्री हफीजुल हसन को एयर एंबुलेंस से ले जाया गया दिल्ली

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के खेल, युवा कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है. गुरुवार को तबीयत खराब होने पर उन्हें रांची स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

पारस अस्पताल में भर्ती के दौरान मंत्री हसन की स्थिति कुछ हद तक स्थिर रही और वे स्वंय पैदल चलकर एंबुलेंस तक पहुंचे. एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उनकी आगे की चिकित्सकीय जांच और इलाज जारी रहेगा. उनके साथ उनका बेटा, भाई और निजी सचिव भी दिल्ली रवाना हुए हैं.

उल्लेखनीय है कि गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे अचानक मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी, जिसके



बाद उन्हें आनन-फानन में रांची स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उनके स्वास्थ्य को लेकर अपडेट देते हुए बताया था कि मंत्री हफीजुल हसन के सीटी स्कैन समेत कई अन्य जांच करने के बाद आयी प्रारंभिक रिपोर्ट में उनकी स्थिति खतरे से बाहर है. उनके लंग्स में कुछ दिक्कत आ गयी थी. उन्हें फूड एलर्जी हो गयी थी और निमोनिया के कुछ लक्षण पाये गये हैं. दरअसल, पिछले माह यानी जुलाई में ही हफीजुल हसन की गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में हार्ट सर्जरी हुई थी. सफल सर्जरी के बाद वह वापस रांची लौट आये थे. मंत्री बेड रेस्ट पर ही थे. इसी बीच गुरुवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत फिर से बिगड़ गयी, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां से अब वापस उन्हें दिल्ली रेफर किया गया है.

# युवक को चोर समझ पीट-पीट कर मार डाला, एक गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के छाया नगर में गुरुवार देर रात एक युवक की भीड़ ने चोर होने के शक में बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान राहुल भुईंया के रूप में हुई है, जो पेशे से ठेला चालक था. घटना रात करीब 1:30 बजे की है, जब राहुल शौच के लिए अपने घर से बाहर निकला था. उसी दौरान पास में रहने वाले शिवम शर्मा और उसके साथियों ने उसे चोर समझ लिया और बिना कुछ सुने उस पर हमला कर दिया. लोहे की रॉड और डंडों से उसकी इतनी बुरी तरह पिटाई की गई कि वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राहुल को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार तड़के चार बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. राहुल की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. लोगों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए थाना प्रभारी निरंजन कुमार दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मुख्य आरोपी शिवम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अन्य आरोपितों की पहचान कर रही है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है.

### रांची और पटना महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित

# मुंबई को एनएआरआई ने बताया सबसे सुरक्षित

शुभम संदेश। रांची

राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक (एनएआरआई 2025) के अनुसार, रांची और पटना देश के उन शहरों में शामिल हैं जहां महिलाएं खुद को सबसे ज्यादा असुरक्षित महसूस करती हैं. इस रिपोर्ट में श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद और जयपुर को भी महिलाओं के लिए असुरक्षित शहरों की सूची में रखा गया है. दूसरी ओर, कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में गिना गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि असुरक्षित माने जाने वाले शहरों में महिलाएं अक्सर सड़क पर घूरने, छेड़छाड़ और अनचाहे शारीरिक संपर्क जैसी घटनाओं का शिकार होती हैं, खासकर रात के समय. पब्लिक ट्रांसपोर्ट और सिनेमाघरों में भी उन्हें डर का सामना करना पड़ता है. कई महिलाएं इस डर के कारण पढ़ाई या नौकरी छोड़ने तक को मजबूर हो जाती हैं. एनएआरआई 2025 रिपोर्ट 31 शहरों की 12,770 महिलाओं से बातचीत के आधार पर तैयार की गई है. इसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप महिला सुरक्षा की व्यापक तस्वीर पेश करना है.

सर्वे में सामने आया कि 7% महिलाओं ने छेड़छाड़ का अनुभव साझा किया, जिनमें अधिकांश 18-24 वर्ष की उम्र की थीं. करीब 50% महिलाओं को यह जानकारी ही नहीं थी कि उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव की पीओएसएच नीति लागू है या नहीं. जिन कार्यालयों में यह नीति लागू थी, वहां की महिलाओं ने इसे आमतौर पर प्रभावी बताया.

# हाथी ने मजदूर को कुचला, मुआवजे के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग को घेरा



शुभम संदेश। रामगढ़

रामगढ़ जिले के रजरप्पा के जंगल में एक बार फिर गजराज ने आतंक मचाया है. शुक्रवार को यहां एक मजदूर को हाथियों ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. रजरप्पा थाना क्षेत्र के जनियामारा (भुचुंगडीह) के समीप हाथी के कुचलने से एक व्यक्ति की मौत की खबर मिलते ही स्थानीय लोग वहां जुट गए. जानकारी के अनुसार गोला प्रखंड के मुरपा गांव निवासी मुस्ताक अंसारी लगभग 52 वर्ष प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार को लोडिंग कार्य के लिए रजरप्पा वाशरी आ रहा था. इसी क्रम में जनियामारा जंगल मे जंगली हाथियों के चपेट में आ गया. जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. बता दें कि पूर्व में भी इस तरह की घटना घट चुकी हैं. पर वन विभाग जंगली हाथियों को भगाने के लिए ठोस कदम नही उठाती.

इस घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने वन विभाग को मुआवजे के लिए घेर लिया है. भुचुंगडीह के समाजसेवी राजू महतो एवं झारखंड आंदोलनकारी चंद्रशेखर पटवा ने वन विभाग से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की हैं. कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं.

### जेल में बंद गैंगस्टर फहीम खान की तबीयत बिगड़ी

# कड़ी सुरक्षा में एमजीएम अस्पताल में भर्ती



**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित घाघीडीह केंद्रीय कारा में सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर फहीम खान की तबीयत शुक्रवार को अचानक बिगड़ गई. स्वास्थ्य बिगड़ने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन ने तुरंत उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसका इलाज जारी है. गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम कुख्यात अपराधी फहीम खान की तबीयत अचानक खराब होने के कारण शुक्रवार को उसे घाघीडीह केंद्रीय कारा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल लाया गया. अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, फहीम खान को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर शिकायत हुई थी, जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उसे अस्पताल भेजने का फैसला लिया.

एमजीएम अस्पताल पहुंचते ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया. अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटा जा सके। पुलिस की निगरानी में फहीम खान का इलाज चल रहा है और डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए है. फिलहाल डॉक्टरों के जरिए उसकी स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, उसकी तबीयत स्थिर बताई जा रही है. फहीम खान कई संगीन आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और इस समय घाघीडीह केंद्रीय कारा में सजा काट रहा है.

### गुमला : रखरखाव के अभाव में करोड़ों की लागत से बने ओपन जिम हो रहे बर्बाद

# कंपनी ने नहीं निभाई मेंटेनेंस की जिम्मेदारी, लोगों में आक्रोश

शुभम संदेश। गुमला

गुमला जिला प्रशासन की ओर से लोगों को स्वस्थ और फिट रखने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों तथा कस्तूरबा विद्यालय समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में ओपन जिम की स्थापना की गई थी. प्रत्येक जिम यूनिट की लागत लगभग 24 लाख रुपये बताई गई है. अब तक जिले में दर्जन भर से अधिक ओपन जिम लगाए जा चुके हैं, जिन पर कुल खर्च करोड़ों में पहुंचता है.

इन ओपन जिमों का निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व किया गया था, लेकिन इस अवधि में एक बार भी मेंटेनेंस कार्य नहीं किया गया है. इसका



दायित्व जिस कंपनी को सौंपा गया था, उसने अब तक कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई है. एग्रीमेंट के अनुसार, कंपनी को कम से कम तीन वर्षों तक इन जिमों का रखरखाव करना था, लेकिन दो वर्षों में एक बार भी मशीनों की मरम्मत या जांच नहीं की गई. स्थिति यह है कि जिम में लगे कई फिटनेस उपकरण टूट चुके हैं, और अधिकांश मशीनें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं. इनके उपयोग से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. इसके बावजूद, प्रतिदिन सैकड़ों महिला और पुरुष जिम में आकर व्यायाम करते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है.

स्थानीय लोगों ने इस गंभीर लापरवाही को लेकर प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं. उनका कहना है कि एक ओर सरकार जनता की सेहत के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर संबंधित विभाग, कंपनी और अधिकारी इस योजना की अनदेखी कर रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, इन ओपन जिमों का निर्माण कार्य जिला परिषद के माध्यम से कराया गया था. लेकिन न तो जिला परिषद के पदाधिकारी और न ही इंजीनियर कभी निरीक्षण के लिए आते हैं. लोगों का कहना है कि जिस कंपनी को यह कार्य सौंपा गया, उसने एग्रीमेंट में रखरखाव की जिम्मेदारी ली होगी, पर मौजूदा हालात को देखकर साफ लगता है कि या तो कंपनी पूरी तरह लापरवाह है या फिर जिम्मेदार सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहे हैं. लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन जिमों की मरम्मत और नियमित रखरखाव की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का सदुपयोग हो सके और लोगों को इसका लाभ लंबे समय तक मिलता रहे.

# मयूराक्षी नदी में नहाने के दौरान चार युवक डूबे

### नदी किनारे उमड़ी भीड़, एक का शव बाहर निकला, अन्य की हो रही तलाश

शुभम संदेश। दुमका

जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत मयूराक्षी नदी में मिनी गोवा के नाम से जाने जाना वाले स्थान पर स्नान करने गए चार छात्र डूब गए हैं. इनमें से एक छात्र कृष्ण सिंह का शव बरामद किया गया है. अगल-बगल से गोताखोर बुलाए गए हैं. तीनों छात्र की तलाश की जा रही है. घटनास्थल से चार मोबाइल और चार लड़के के कपड़े पुलिस ने बरामद की है.

दरअसल दुमका शहर के रहने वाले ये चार दोस्त शाम घर से निकले थे और घर नहीं पहुंचे. रात में परिवार वालों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला. इधर देर रात जामा थाना के हरिपुर गांव के लोगों ने देखा कि कुछ लड़के के कपड़े नदी के किनारे रखे हुए हैं, पर वे गायब हैं. अनहोनी की आशंका से ग्रामीणों ने इसकी सूचना



पुलिस को दी. इधर परिजनों को भी यह सारी जानकारी प्राप्त हुई तो वे नदी किनारे पहुंचे. फिलहाल शहर के बक्शी बांध इलाके के रहने वाले कृष्ण सिंह (17 ) वर्ष जो स्थानीय जिला स्कूल में 12वीं का छात्र है. उसका शव बरामद किया गया है. अन्य जिन छात्रों के लापता होने की बात कही जा रही है उनके आर्यन कुमार, कृष और आर्यन शामिल है.

**2016 में यहीं डूबे थे छह छात्र :** मयूराक्षी नदी के जिस जगह यह हादसा हुआ है उसे लोग स्थानीय भाषा में मिनी गोवा कहते हैं क्योंकि पूरे वर्ष यहां काफी पानी रहता है. इसी जगह पर वर्ष 2016 में स्नान करने गए छह छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी. उनमें से पांच का शव बरामद किया गया था पर आज तक एक छात्र का शव नहीं मिला है.

**एसपी ने दी जानकारी :** इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने शुक्रवार को जानकारी दी कि गुरुवार की रात में ही इस हादसे की सूचना मिली. उसके बाद से छात्रों की खोजबीन की जा रही है. गोताखोरों की और टीम बुलाई गई है, जिससे जल्द नदी में खोजबीन शुरू किया जाएगा.

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेल को 'स्कोप एमिनेंस अवार्ड' से सम्मानित किया

## 'रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन' के लिए मिला सम्मान

शुभम संदेश। रांची/नयी दिल्ली




स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए प्रतिष्ठित "स्कोप एमिनेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया. यह अवार्ड सेल के स्वदेशी रिसर्च, प्रक्रियाओं में इनोवेशन को अपनाने और टेक्नोलॉजी में लगातार आगे बढ़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है. सेल की ओर से यह सम्मान निदेशक (तकनीकी, परियोजना एवं कच्चा माल) मनीष राज गुप्ता ने ग्रहण किया.

सेल भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों के अनुरूप, स्टील के पूरे वैल्यू चेन में इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है और देश की आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपयोगों के लिए अत्याधुनिक स्टील ग्रेड और तकनीकों के स्वदेशी विकास पर ज़ोर दे रहा है. कंपनी रेलवे, रक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को उच्च-गुणवत्ता वाला इस्पात प्रदान करके, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं और औद्योगिक विकास को सक्षम बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.

कंपनी ने अपने कामकाज को और बेहतर बनाने के लिए आईआईओटी-आधारित स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली एवं इसकी प्रक्रियाओं और कॉइल यार्ड प्रबंधन प्रणाली जैसी अगली पीढ़ी के समाधानों को अपनाया है. इसके अलावा, सेल कचरे का दोबारा इस्तेमाल करने, चक्रीय अर्थव्यवस्था और नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के जरिये सस्टेनेबिलिटी पर भी ज़ोर दे रहा है. सेल को मिले इस सम्मान पर बात करते हुए, सेल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी अनुसंधान एवं विकास टीमों द्वारा उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास और सेल में नवाचार और प्रचालन के बीच गहरे तालमेल को दर्शाता है. यह एक ऐसे फ्यूचर-रेडी इस्पात उद्योग के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो भारत की जरूरतों को पूरा कर सके और दुनिया भर में मुकाबला कर सके.

## एक नजर



### जैन श्वेताम्बर श्री संघ का क्षमापना कार्यक्रम कल

**रांची।** पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन के शुभ अवसर पर श्वेताम्बर जैन समाज का क्षमापना कार्यक्रम 31 अगस्त को श्वेताम्बर जैन मंदिर डोरंडा में मनाया जाएगा. भव्य शोभायात्रा मंदिर से सुबह में धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकलेगी. शोभायात्रा तुलसी चौक, मेकॉन चौक, हाईकोर्ट होते हुए वापस मंदिर में प्रवेश करेगी. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. वहीं दोपहर में स्वामीवात्सल्य रखा गया हैं. समाज के प्रमुख सम्पतलाल रामपुरिया, सुभाष बोथरा, विमल दस्सानी और अशोक सुराणा ने सभी श्वेताम्बर जैन समाज के लोगों से अनुरोध किया है अधिक से अधिक संख्या में क्षमापना कार्यक्रम में शामिल होकर जिनशासन की शोभा बढ़ाएं और कार्यक्रम को सफल बनायें.

### सिर्फ झारखंड जनाधिकार पार्टी ने रखा पक्ष, शेष चार राजनीतिक दल सुनवाई में नहीं हुए शामिल

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पांच राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सुनवाई के लिए बुलाया गया था. इनमें से केवल झारखंड जनाधिकार पार्टी, रांची के प्रतिनिधि ही निर्धारित तिथि शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के समक्ष उपस्थित होकर अपने दल के अस्तित्व को लेकर शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष प्रस्तुत कर सके. हजारीबाग की 'आपका हमारा पार्टी', गिरिडीह का 'बहुजन सदान मोर्चा', पूर्वी सिंहभूम की 'झारखंड दिशोम पार्टी और रांची की 'हम किसान पार्टी' के कोई भी पदाधिकारी या प्रतिनिधि सुनवाई में शामिल नहीं हुए. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन दलों के अध्यक्ष या महासचिव को शपथ पत्र के साथ लिखित जवाब प्रस्तुत करने के लिए 22 अगस्त तक का समय दिया गया था. साथ ही सुनवाई की तिथि 29 अगस्त निर्धारित की गई थी. इस आशय की सूचना संबंधित दलों को पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गई थी और समाचार पत्रों, सार्वजनिक सूचना व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी जानकारी दी गई थीस, लेकिन किसी भी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए.

### कांके में स्कूटी सवार मां-बेटी की सड़क हादसे में मौत, लोगों का गुस्सा फूटा, सड़का जाम कर दी



**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक स्कूली बच्ची और उसकी मां को एक तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया. इस हादसे में दोनों की मौत हो गई. मां और स्कूली बच्ची की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी है और मौके पर जम कर हंगामा किया. सूचना मिलने पर कांके थाना प्रभारी मौके पर पहुंच स्थिति को संभालने में जुट गए. लोगों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया. पुलिस मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को कांके थाना क्षेत्र के जोड़ा पुल के पास सड़क हादसे में मां और उसकी बेटी की मौत की सूचना मिली है. यह हादसा उस समय हुआ जब मां अपनी बेटी को लेकर स्कूल जा रही थी. उसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को कुचल दिया. इस दुर्घटना में दोनों की ही मौत हो गई. मृतकों में रिनपास की नर्स रश्मि कश्यप और उनकी बेटी शामिल है.

# रिम्स में लापरवाही से तीन साल के मासूम की मौत, परिजनों का फूटा गुस्सा

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची स्थित रिम्स अस्पताल पर एक बार फिर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं. धनबाद से इलाज के लिए लाए गए तीन साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई. बच्चे की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उसे धनबाद से रेफर कर रिम्स लाया गया था.

**समय पर इलाज और ऑक्सीजन नहीं, परिजनों का आरोप:** परिजनों के मुताबिक, सुबह करीब 11 बजे मासूम को रिम्स लाया गया. हालत नाजुक होने के बावजूद न तो तत्काल इलाज शुरू किया गया और न ही ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की गई. परिजनों ने बार-बार डॉक्टर और स्टाफ से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया. करीब 3 से 4 घंटे तक इलाज के इंतजार में बच्चा तड़पता रहा और अंततः उसकी मौत हो गई.

**मौत के बाद एडमिट करने की कोशिश, भड़के परिजन:** परिजनों ने आरोप लगाया कि जब बच्चे ने दम तोड़ दिया तब अस्पताल स्टाफ ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर आया और बच्चे को भर्ती करने की औपचारिकता पूरी करने लगा. इस पर परिजन भड़क गए और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए.



### रिम्स प्रशासन पर उठे सवाल

झारखंड का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल रिम्स आए दिन अपनी व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में रहता है. मरीजों और परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही, उपकरणों की कमी और सिस्टम की बदइंतजामी के कारण आए दिन मरीजों की जान जा रही है. यह घटना रिम्स प्रशासन और झारखंड स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है. अब देखना होगा कि सरकार और अस्पताल प्रबंधन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं.

**परिजनों का बयान – पहले रिम्स सुधरे, फिर रिम्स-2 का सपना देखें:** गुस्साए परिजनों ने कहा, अगर सही समय पर इलाज होता तो मेरा बच्चा जिंदा होता. पहले रिम्स की हालत सुधारिए, फिर रिम्स-2 का सपना देखिए.

सीएम हेमंत सोरेन के निर्देशन में झारखंड के समग्र विकास की राष्ट्रीय मंच पर सराहना

# मास्टर प्लान, नदियों के सुंदरीकरण सेटेलाइट टाउनशिप का प्रस्ताव तैयार

शुभम संदेश। रांची

- फ्लाईओवर, रिंग रोड के साथ प्रस्तावित आउटर और इनर रिंग रोड मुख्य आकर्षण का केंद्र
- राजस्थान के सेमिनार में प्रधान सचिव ने शहरी विकास, आइटी सेक्टर, आधारभूत संरचना, औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशन में हो रहे झारखंड के समग्र विकास की राष्ट्रीय मंच पर सराहना की गयी. राजस्थान के जयपुर के होटल में राजस्थान बिजनेस समिट 2025 के तहत फ्यूचर सिटी ट्रैक विषय पर आयोजित सेमिनार मे नगर विकास एवं पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने विकास के कार्यों को दर्शाया, जिसकी चौतरफा सराहना हुई.कुमार ने कहा झारखंड एक इकोफ्रेंडली और औद्योगिक विकासशील राज्य है. आइटी सेक्टर और पर्यटन के क्षेत्र मे काम हो रहे हैं. यहां का जीडीपी ग्रोथ बेहतर है. सड़क, रेल, हवाई और जलमार्ग परिवहन की उत्कृष्ट सुविधा है. पीपीपी मोड की दुरूहता को सरल करते हुए हेम मोड और डीबीओटी सहित कई अन्य सरल तरीको का प्रावधान किया गया है. इससे इंवेस्टर्स को निवेश करने में आसानी होगी. प्रधान सचिव ने मंच के माध्यम से निवेशकों को आमंत्रित भी किया.

**राजधानी रांची के साथ राज्य के प्रमुख शहरों का भी विकास हुआ:** प्रधान सचिव ने कहा कि राजधानी रांची के साथ राज्य के प्रमुख शहरों का भी विकास हुआ है. रांची में कांटाटोली फ्लाईओवर, मेकॉन सिरमटोली फ्लाईओवर और रातू रोड फ्लाईओवर विकास को गति प्रदान कर रहे है. उन्होंने कहा कि रांची में 80 किलोमीटर का रिंगरोड रोड पहले से ही है. 196 किलोमीटर के आउटर और 45 किलोमीटर के इनर रिंगरोड पर काफी तेजी से काम चल रहा है, जिससे रांची का यातायात बहुत सुगम हो जाएगा. यही नहीं सभी रिंगरोड को शहर के लगभग सभी मार्गों से इंटरलिंक ( एरियल रोड )किया जाएगा.



कुमार ने बताया कि नगर विकास व आवास मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन मे रांची में तैयार स्मार्ट सिटी और वहां हो रहे शहरी विकास के कार्य नए आयाम को दर्शाते हैं. सी 4 प्रणाली, अरबन सिविक टावर व अन्य आधारभूत संरचना राज्य में हुए कार्यों और राज्य सरकार के विकास के संकल्प को परिलक्षित कराते हैं. प्रधान सचिव ने कहा कि अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत, सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, आरओबी, अंडर रेल ब्रिज, रिंग रोड और बाइपास के क्षेत्र मे काम हुए हैं. इंडस्ट्रियल कॉरिडोर,फ्रेट कॉरिडोर, पर्यटन कॉरिडोर और धार्मिक कॉरिडोर में काम हुए हैं और आगे भी होंगे.

प्रधान सचिव ने बताया कि एयरपोर्ट, आईएसबीटी, रेलवे के विकास की योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है. नगर विकास मंत्री सुदिव्य के निर्देश पर शहरों का डिजिटलीकरण, डिजीटल मास्टर प्लान, शहरो के विस्तार, सेटेलाइट टाउनशिप सहित कई अन्य विकास के कार्य पाइपलाइन में है. इसके अलावा राज्य की प्रमुख नदियों के सुंदरीकरण और विकास, जीआईएस आधारित मास्टर प्लान, सेटेलाइट टाउनशिप और ट्रांजिट आधारित परिवहन के विकास के प्रस्ताव तैयार है.

# स्वच्छ रांची-स्वस्थ रांची अभियानः सेना के मेजर सेंथिल कुमार ने 44 किलोमीटर की दौड़ लगाई



शुभम संदेश। रांची

लीड्स के तत्वावधान में स्वच्छ रांची-स्वस्थ रांची कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सेना के मेजर सेंथिल कुमार ने रांची शहर व आसपास के इलाकों की 44 किलोमीटर की दूरी दौड़ लगाकर तय की. मैराथन दौड़ का शुभारंभ मोरहाबादी मैदान के गांधी वाटिका से हुआ.रांची शहर की विभिन्न सड़कों से होते हुए बूटी मोड़ शिवाजी चौक से बरियातू, करम टोली चौक, रेडियम रोड रांची होते हुए वापस दौड़ का समापन बापू वाटिका में किया गया. इस अवसर पर एक नुक्कड़ सभा भी की गई. मैराथन दौड़ की समाप्ति के उपरांत मेजर सेंथिल कुमार को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसे नियमित बनाए रखने की आवश्यकता है. इस अवसर पर लीड्स के निदेशक एके सिंह ने कहा कि हमें अपने घर के साथ ही साथ अपने आसपास की भी सफाई के लिए हर सप्ताह 15 मिनट का समय निकालकर योगदान देना चाहिए.

प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा के प्राचार्य उमेश यादव ने मेजर सेंथिल कुमार की स्वच्छ रांची- स्वस्थ रांची के लिए 44 किलोमीटर की मैराथन दौड़ को समाज के प्रति समर्पण का संदेश बताया. कार्यक्रम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी. इंडियन एयरफोर्स से सेवानिवृत्त एवं पासा रिसोर्स लिमिटेड के सीईओ जयदीप कुमार सिंह ने कहा स्वस्थ और स्वच्छ रहना ही जीवन है. मैराथन दौड़ से समाज के स्वच्छता के प्रति एक बेहतर संदेश गया है. कार्यक्रम को सफल बनाने में लीड्स के कार्यकर्ता और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के छात्र -छात्राएं सक्रिय रहे.



अघोरेश्वर भगवान राम जी की जयंती पर 2 दिवसीय कार्यक्रम

# लोलार्क षष्ठी पर कविता पाठ का आयोजन

शुभम संदेश। रांची

औघड़ भगवान राम आश्रम में अघोरेश्वर भगवान राम की 89वीं जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को लोलार्क षष्ठी पर्व को बाल दिवस के रूप मनाया गया. सुबह आश्रम परिसर की सफाई के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद अघोराचार्य बाबा कीनाराम की विशेष पूजा-आरती की गई और सदग्रंथ 'सफल योनि' का पाठ किया गया. दीप प्रज्वलन और मांगलाचरण के बाद कविता पाठ का आयोजन किया गया.

**कविता पाठ में बच्चों ने दिखाया उत्साह)** पूर्व की वर्षों की परंपरा के अनुसार, बाल दिवस के मौके पर दो आयु वर्गों 0-7 वर्ष और 8-12 वर्ष के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया. बच्चों ने आत्मविश्वास और उमंग के साथ अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहा. प्रतियोगिता का संचालन शांभवी शाहदेव ने किया, जबकि निर्णायक मंडली में शामिल नयन मंजरी बक्सराय और मीरा सहाय ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया.



**विजेताओं की सूची :**

0-7 वर्ष आयु वर्ग
प्रथम : श्री शाहदेव
द्वितीय : पुण्य प्रताप सिंह
तृतीय : सात्विक सहाय
विशेष पुरस्कार : अथर्व शाहदेव

8-12 वर्ष आयु वर्ग
प्रथम : समृद्धि प्रिया
द्वितीय : नव्या कुमारी
तृतीय : तेजस शर्मा

आज मनाई जाएगी अघोरेश्वर भगवान राम जी की जयंती

कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार (30 अगस्त) को परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी की 89वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी. इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा. इस अवसर पर युवा गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा अपने विचार व्यक्त करेंगे.

**कार्यक्रम सेवा, संस्कार व संस्कृति से जुड़े मूल्यों को बढ़ावा देने का जरियाः** बता दें कि अघोरेश्वर भगवान राम की जयंती ना सिर्फ श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा में बल्कि देशभर के औघड़ भगवान राम आश्रम में मनाई जा रही है. आयोजकों ने बताया कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और संस्कृति से जुड़े मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है.

# एक सितंबर को फूलबाबा आश्रम में आदिगुरु श्रीचंद महाराज की जयंती मनायी जाएगी

शुभम संदेश ।रांची

बड़ा तालाब के पश्चिम में स्थित प्राचीन फूलबाबा आश्रम में उदासीन पंथ के आदिगुरु श्रीचंद जी महाराज की जयंती सोमवार एक सितंबरर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी. इस अवसर पर विविध धार्मिक और सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. फूलबाबा ट्रस्ट के पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि हर वर्ष श्रीचंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष आयोजन को विशेष रूप से भव्य रूप दिया जा रहा है. ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी की देखरेख में आश्रम परिसर की सफाई और अन्य व्यवस्था का कार्य तेजी से चल रहा है.

आश्रम में गुरुग्रंथ साहब की पूजा-अर्चना की परंपरा है, साथ ही श्री शिव मंदिर और श्री बजरंगबली मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए खुले रहते हैं. एक सितंबर को दोपहर 12:30 बजे गुरुग्रंथ साहब को शुद्ध घृत का कड़ाह प्रसाद अर्पित कर भक्तों केबीच वितरित किया जाएगा. देशभर से आने वाले 1000 से अधिक श्रद्धालु प्रसाद प्राप्त करेंगे. दोपहर 2 बजे से फूलबाबा भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें पुरी, सब्जी और बुंदिया का प्रसाद वितरित किया जाएगा. ट्रस्ट के अध्यक्ष यतीन्द्र नाथ सिंह, सचिव मनोज चौधरी, पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया, ट्रस्टी अरुण वुधिया, मधुसूदन चौधरी, चमनलाल टांक, हरिशंकर चौधरी सहित कई कार्यकर्ता आयोजन की तैयारी व सेवा में जुटे हुए हैं. फूलबाबा ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पधारने का निवेदन किया है. ज्ञात हो कि ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्व. गंगा प्रसाद वुधिया एवं संस्थापक सचिव स्व. प्रसाद चौधरी रहे हैं. साथ ही स्व. सत्येन्द्र जायसवाल, लालचंद बगड़िया, सुधीर चौधरी, बिष्णुदेव चौधरी जैसे समाज के प्रमुख व्यक्तियों का भी अमूल्य योगदान रहा है.



### शरीर को स्वस्थ व मन को शांत रखता है खेल : समरजीत

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली, में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दयानंद सभागार में हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम है शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को बढ़ावा देने के लिए खेल. इस उद्देश्य को समर्पित फिटनेस फॉर हेल्थ के तहत विद्यालय परिसर के गेट नंबर-3 से प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर एक खेल रैली को रवाना किया. यह रैली श्यामली कॉलोनी से होकर निकटवर्ती क्षेत्रों तक गुज़री, जिसमें लगभग 120 छात्र-छात्राओं सहित एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया. बच्चों ने बैनर और नारे के माध्यम से खेल भावना और स्वास्थ्य के संदेश दिया.कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण खेल शपथ ग्रहण समारोह, जिसका नेतृत्व कक्षा 12 ए की गर्ल्स स्पोर्ट्स कैप्टन उर्वशी सिंह ने किया और छात्रों को शपथ दिलाया.

58वें वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव के दूसरे श्री श्याम प्रभु की शोभायात्रा निकली

# भजनों की अमृत वर्षा में गोते लगाते नाचते-गाते रहे श्रद्धालु

शुभम संदेश। रांची

श्री श्याम मंडल, रांची के 58वें वार्षिक मोहत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को को शाम चार बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा -यात्रा निकाली गयी. शोभा यात्रा में आगे आगे विभिन्न देवताओं के जयकारे के बैनर लेकर भक्तगण चल रहे थे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं बैंड बाजे के धुन के साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र थीं. शोभा यात्रा में मंडल के सदस्यगण पूरे मार्ग में झूमते-नाचते भजनों की अमृत वर्षा कर शोभा यात्रा में चल रहे थे.

इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना, बड़ी दूर से चलकर आया हूंमांगने की आदत जाती नहीं, जन्म जन्म का साथ है, श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार जैसे भजनों की लय पर बड़ी संख्या में भक्तगण झूमते-नाचते श्री श्याम प्रभु का आशीष प्राप्त कर रहे थे. श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ पर विराजमान होकर नगर वासियों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे नगर के विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्था व बड़ी संख्या में जन मानस अपने घर और प्रतिष्ठान के सामने गुजर रहे दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती उतार कर व पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत कर रहे थे. साथ ही संपूर्ण मार्ग में मंडल के सदस्यों द्वारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा था.



रात्रि 8 बजे नगर भ्रमण के पश्चात श्री श्याम मंदिर पहुंच कर महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील मोदी, अनिल मोदी , प्रमोद बागड़िया , अशोक लाठ, पवन अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, राकेश मुरारका, अनिल ढांढनिया, राकेश सारस्वत, समित पेद्दार का सहयोग रहा.

**आज रात होगी भजनों की अमृत वर्षाः** रात्रि नौ बजे मंडल के संरक्षक द्वारा गणेश पूजन - अष्ठ प्रहर की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी. मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत चौधरी द्वारा 58 वें प्रेम पुष्प का विमोचन किया जाएगा. धनबाद से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्री श्याम मंडल कोलकाता के कृष्णा अग्रवाल भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी.

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में खेल दिवस पर हुए कार्यक्रम

# पेंटिंग, क्विज और भाषण में दिखेगी छात्रों-छात्राओं की प्रतिभा

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशन में राज्यभर के सरकारी स्कूलों में शुक्रवार से दो दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत हुई. इनका शुभारंभ प्रभात फेरी के साथ किया गया, जिससे खेल दिवस की आधिकारिक शुरुआत हुई. इसके बाद सभी स्कूलों में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें विद्यार्थियों को बताई गईं.मौके पर छात्रों को सामूहिक खेल शपथ दिलाई गई, जिससे उनमें अनुशासन और खेल भावना का संचार हो. कार्यक्रम के दौरान योग, मास पीटी और मार्शल आर्ट की सामूहिक प्रस्तुति दी गई. फिटनेस चैलेंज के अंतर्गत पुशअप, स्किपिंग और प्लैंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.खेल स्पर्धाओं में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने 50 मीटर दौड़, बोरी दौड़, तीन टांग दौड़ और चम्मच-गोली दौड़ में हिस्सा लिया. कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए 100 और 200 मीटर दौड़, खो-खो और कबड्डी का आयोजन किया गया. वहीं, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने 400 और 800 मीटर दौड़ के साथ-साथ हॉकी और फुटबॉल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.



## सरना समाज ने बैगा सुलेमान की अनुमति से बैगई जमीन पर करमा पर्व मनाने का लिया निर्णय

# घेराबंदी विवाद पर बैठक, धार्मिक-सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा की मांग

शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)



प्रखंड अंतर्गत बैगई जमीन को लेकर जारी विवाद के बीच शुक्रवार को सरना आदिवासी विकास एकता मंच की बैठक आयोजित की गई. यह बैठक बैगई जमीन स्थित सरना भवन परिसर में बैगा सुलेमान की उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक में बैगा सुलेमान से अनुमति प्राप्त करने के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी करमा त्योहार परंपरागत ढंग से और धूमधाम के साथ इसी भूमि पर मनाया जाएगा.

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि महुआडांड़ मौजा – अम्बाटोली, थाना संख्या-137, खाता संख्या-295, खसरा संख्या-244, रकबा – 2 एकड़ 40 डिसमिल भूमि आदिकाल से सरना स्थल के रूप में उपयोग में लाई जाती रही है. यह भूमि बैगा सुलेमान के नाम पर बैगई जमीन के रूप में दर्ज है और यह आदिवासी समाज की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक स्थल है. इस पर स्थित सरना भवन आदिवासी समाज के आयोजनों का प्रमुख केंद्र है.

बैठक में यह भी बताया गया कि 21 अगस्त 2025 को सरना समाज के लोगों द्वारा इस भूमि की तार जाली से घेराबंदी की जा रही थी, तभी हिंदू महासभा महुआडांड़ द्वारा इसमें बाधा डाली गई और हस्तक्षेप किया गया. आरोप है कि समाज के एक बैगा को भ्रमित कर उसे 'हिंदूकुल बैगा' बताकर इस भूमि की प्रकृति बदलने और इसे सामान्य वर्ग की संपत्ति घोषित करने का षड्यंत्र रचा गया.

बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि भारत के संविधान की प्रस्तावना, अनुच्छेद 13, 19, 25, 29 एवं 244 अनुसूचित जनजातियों को धार्मिक और सांस्कृतिक संरक्षण प्रदान करते हैं. साथ ही छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (CNT Act, 1908) के तहत आदिवासी क्षेत्रों की भूमि की प्रकृति में बदलाव करना अवैध है.

सरना समाज ने इस संबंध में उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को आवेदन देकर मांग की है कि ऐसे असंवैधानिक एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले कार्यों पर तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई हो. समाज को विश्वास है कि संविधान और कानून के तहत उनके पारंपरिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी.

बैठक में बिनोद उरांव, प्रदीप उरांव, संगीता देवी, मंजू तिर्की, संध्या मिंज, पूनम देवी, मंगलदेव नगेसिया, रविदास उरांव, चितरंजन उरांव, फतेसर मुंडा, मनोहर उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे.

## एक नजर

### उप विकास आयुक्त ने सुनी ग्रामीणों की शिकायतें



**लातेहार** । उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया. आज के जन शिकायत निवारण में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए. इनमें भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आवास, रोजगार से संबंधी जुड़े आवेदन शामिल थे. उप विकास आयुक्त ने जन शिकायत निवारण में उपस्थित लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा. बता दें कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है.

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरवाडीह (लातेहार)** । बरवाडीह पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुटमू चौक के पास एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. सूचना थी कि काले–नीले रंग की स्प्लेंडर बाइक (जेएच 03 एन–3359) से पलामू से ब्राउन शुगर लाकर बरवाडीह में बेचा जाने वाला है.लातेहार एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया. पुलिस टीम ने जैसे ही बाइक सवार को आता देखा, वह पुलिस को देख भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया. युवक की पहचान ग्राम खुरा निवासी विपिन कुमार (25 वर्ष), पिता स्व. विद्या प्रसाद के रूप में हुई है.उसके पास से ढाई ग्राम ब्राउन शुगर, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और मोटरसाइकिल बरामद हुई है. थाना प्रभारी अनुप कुमार के अनुसार विपिन लंबे समय से इस कारोबार में संलिप्त था और तस्करों के गिरोह से जुड़ा हुआ है. पुलिस को अन्य तस्करों की भी जानकारी मिली है, जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां होंगी. विपिन को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया है.

### लेधपा में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**लातेहार**। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर मेरा युवा भारत, लातेहार के तत्वावधान में लेधपा ग्राम के खेल मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, विद्यालय की प्राचार्य एड्ना युनुस, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, शिक्षक प्रभु दयाल सिंह समेत अन्य शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के विभिन्न युवा मंडलों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें नीलाबर पीताम्बर युवा क्लब, लेधपा की टीम विजेता रही, जबकि सेमरटांड की टीम उपविजेता रही. राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेधपा के छात्र-छात्राओं के बीच दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं. 100 मीटर (महिला) – सोनम कुमारी (1st), कुश्मिला कुमारी (2nd), आरती कुमारी (3rd), 200 मीटर (महिला) – प्रियंका कुमारी, रानी कुमारी, देवंती कुमारी, 200 मीटर (पुरुष) – सनोज कुमार, जोगेंदर सिंह, भूषण सिंह , 400 मीटर (पुरुष) – सागर उरांव, रेहान अंसारी, रणजीत उरांव, जिला युवा अधिकारी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होते हैं. विजेताओं को शिल्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया.

### रामपुर रजा लाइब्रेरी में जून-जुलाई अंक शामिल

**हुसैनाबाद** । भारत की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक रामपुर रजा लाइब्रेरी में मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' (अंक 03-04, जून-जुलाई 2025) का नवीनतम अंक सफलतापूर्वक शामिल कर लिया गया. इस उपलब्धि का श्रेय पत्रिका के संरक्षक उप कमांडेंट नीरज जायसवाल को जाता है. 1774 में नवाब फैजुल्ला खान द्वारा स्थापित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी मुगल वास्तुकला की अनूठी मिसाल है. यहाँ अरबी, फारसी, उर्दू, हिंदी और संस्कृत में हस्तलिखित दुर्लभ पांडुलिपियों का बड़ा संग्रह मौजूद है, जिनमें से कुछ सोने-चाँदी की स्याही से लिखी गई हैं. साथ ही, 50,000 से अधिक मुद्रित पुस्तकें भी हैं, जिनमें कई 400 वर्ष से पुरानी हैं. मासिक पत्रिका के संपादक विनोद सागर ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए कहा कि युवा कवि-संपादक के रूप में यह हमारे लिए गर्व की बात है. रामपुर रज़ा लाइब्रेरी जैसे ज्ञान के खजाने में हमारी मेहनत शामिल होना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है. लाइब्रेरी की अध्यक्षा मोहिनी रानी ने पत्रिका को स्वीकार करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे प्रयास साहित्य और संस्कृति को नए पाठकों व लेखकों से जोड़ते हैं. विनोद सागर ने उप कमांडेंट नीरज जायसवाल को सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया.

- मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी'

### जिले में स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने की मांग



**लातेहार**। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने लातेहार जिला और प्रखंड स्तरीय अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई है. उन्होंने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर अस्पतालों को सुदृढ़ करने की मांग की. पांडेय ने बताया कि रात में दवा काउंटर बंद रहने, स्ट्रेचर की अनुपलब्धता, प्रसूति सेवाओं की कमी और रेफर मरीजों के लिए समुचित साधन न होने से मरीजों को भारी परेशानी होती है. उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो आजसू पार्टी आंदोलन करेगी. इस दौरान नितेश जायसवाल, विकास कुमार, कमलदेव उरांव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### पत्रकार पर हमले के खिलाफ डीसी को ज्ञापन



**लातेहार.** बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रेस क्लब लातेहार ने तीव्र प्रतिक्रिया जताई है. शुक्रवार को प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की. प्रेस क्लब ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएँ न हों. उन्होंने हमले की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की भी मांग की. उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पत्रकारों के प्रति सम्मान जताया और भरोसा दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त से चर्चा भी की गई है. ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रेस क्लब अध्यक्ष विकास तिवारी, संरक्षक संजीव गिरी, उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा सहित कई पत्रकार शामिल थे.

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा के पूर्व महामंत्री का निधन, शोक

**मेदिनीनगर**। पलामू भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं उपाध्यक्ष रहे बीरेंद्र प्रसाद सिन्हा का आज रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल में निधन हो गया. जानकारी के अनुसार, रांची रोड रेड़मा देवी मंडप निवासी बीरेंद्र प्रसाद सिन्हा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रांची में उनका इलाज चल रहा था. उनका पार्थिव शरीर आज शाम तक स्थानीय आवास रेड़मा पर आएगा और अंतिम संस्कार शनिवार को होगा. बीरेंद्र प्रसाद सिन्हा के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है. वहीं पलामू जिला भाजपा के अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है.

### वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**लातेहार**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बालिका वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. वॉलीबॉल बालिका वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र की टीम ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को 2-1 से हराकर ट्रॉफी जीती. इससे पहले पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था. प्रतियोगिता से पूर्व जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं. इसी दिन केंद्रीय विद्यालय के बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई. कार्यक्रम में जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल सहित कई अधिकारी मौजूद थे. 30 अगस्त को जिला स्टेडियम में कबड्डी, गुलेल, भार दौड़ और मटका दौड़ सहित अन्य जनजातीय खेलों का आयोजन होगा.

### अफीम कारोबार से जुड़ा है पांकी में कार से बरामद कैश

**पलामू** । जिले के पांकी थाना क्षेत्र में 20 अगस्त को एक संदिग्ध कार से पुलिस ने 46 लाख 19 हजार रुपए बरामद किये थे. बरामद रुपयों को लेकर पुलिस का अनुसंधान तेज है. इस बीच कई खुलासे हुए हैं. पुलिस को शुरुआती जानकारी मिली है कि बरामद रकम अफीम कारोबार से जुड़ा हुआ है. इसमें कुछ स्थानीय, जबकि कुछ बाहरी लोग शामिल हैं. इधर बरामद नकद को लेकर आयकर विभाग ने भी कार्रवाई की है. आयकर विभाग ने पुलिस की ओर से जब्त रुपयों को हैंडओवर लेते हुए सरकार के खाते में जमा करा दिया है.

## मेदिनीनगर : राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

# विजेताओं को किया गया सम्मानित

- खेल विभाग व ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एथलेटिक्स, खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



पलामू जिला खेल विभाग एवं पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 1600 मीटर व 600 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर की. उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया.

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों जैसे जीजीपीएस स्कूल जमुने, गिरवर प्लस टू स्कूल डालटनगंज, प्लस टू जिला स्कूल, ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय, संत जेवियर स्कूल, ब्राइटलैंड स्कूल, लोटस स्कूल, हुसैनाबाद और लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

दौड़ स्पर्धा में ये रहे विजेता

बालिका वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में पूजा कुमारी प्रथम, गुंजन कुमारी द्वितीय और अमृता कुमारी तृतीय रहीं. बालक वर्ग में अफतार अंसारी ने प्रथम, रोशन कुमार ने द्वितीय और पंकज उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. 600 मीटर बालक वर्ग में सुधाकर कुमार मेहता प्रथम, प्रतीक कुमार द्वितीय और हेमंत कुमार यादव तृतीय रहे. बालिका वर्ग में मीनाक्षी कुमारी ने पहला, प्रियंका कुमारी ने दूसरा और मिस्टी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

टीम स्पर्धाओं में रोमांचक मुकाबले

खो-खो बालिका वर्ग में बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं, जीपीएस जमुने और हाई स्कूल लेस्लीगंज ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया. बालक वर्ग में ब्राह्मण प्लस टू हाई स्कूल ने पहला, सेंट जेवियर अकेडमी ने दूसरा और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल डालटनगंज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

कबड्डी बालक वर्ग में डे बोर्डिंग सेंटर डालटनगंज विजयी रहा, जबकि मलवारिया हुसैनाबाद द्वितीय और जीपीएस जमुने तृतीय स्थान पर रहे. बालिका वर्ग में ब्राइटलैंड स्कूल ने प्रथम, मलवारिया हुसैनाबाद ने द्वितीय और उच्च विद्यालय मुंदरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

**सम्मान व उपस्थिति**

सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह द्वारा मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, रेफरी मोनू कुमार, खो–खो कोच प्रीति कुमारी, रमन सिंह, निरंजन कुमार, साधना कुमारी, कबड्डी कोच उपेंद्र कुमार, अफसा परवीन, रूपम कुमारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व दर्शक उपस्थित रहे.

### गणेश चतुर्थी : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण

**मेदिनीनगर** । गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया. उन्होंने चैनपुर स्थित सिद्धिविनायक क्लब, कश्यप मोहल्ला, हिंदू एकता दल, मुख्य बाजार और जय किसान संघ द्वारा आयोजित गणेश पूजा समारोह में भाग लिया. इस दौरान महापौर ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक है. यह पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश देता है. उन्होंने पूजा आयोजकों की सराहना करते हुए भगवान गणेश से शहर की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की. महापौर के आगमन पर आयोजक समितियों और श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया. श्रद्धालुओं ने उनकी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की. इस दौरान शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे शहर में धार्मिक उल्लास और उत्सव का वातावरण बना रहा. महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है.

## नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



उपायुक्त समीरा एस ने शुक्रवार को जिले के सभी नगर निकायों की समीक्षा बैठक की, जिसमें नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया. उन्होंने नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन करें.

बैठक में वार्ड 23 में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम और वार्ड 13 में प्रस्तावित वेंडर मार्केट की समीक्षा की गई. डीसी ने वेंडर मार्केट में पार्किंग की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया. साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया. अमृत योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, पार्कों का निर्माण, होल्डिंग व प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, बस और ऑटो स्टैंड, अर्बन वाटर सप्लाई आदि विषयों पर भी समीक्षा की गई. डीसी ने छत्तरपुर, हुसैनाबाद और हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन में लापरवाही पर नाराजगी जताई. उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य हो. आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दवा की कमी को लेकर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन के साथ समन्वय बनाकर पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. बैठक में सहायक नगर आयुक्त, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं ULB से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

### एनपीयू में तीन दिनी खेल महोत्सव शुरु

**मेदिनीनगर** । राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में शुक्रवार से तीन दिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया. मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सिंह, छात्र कल्याण अ धिष्ठ ात ा डॉ. एस.के. पांडे समेत अन्य शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए. इसके बाद खेल मशाल प्रज्वलित कर विभिन्न प्रतियोगिताओं की विधिवत शुरुआत की गई. कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन, निष्ठा और खेल भावना की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि खेल मन, मस्तिष्क और शरीर के समग्र विकास का माध्यम है. उन्होंने युवाओं को मोबाइल और डिजिटल दुनिया के साथ-साथ खेल के मैदान से भी जुड़ने की सलाह दी.कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता कुजूर ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनके अनुशासन, सादगी व परिश्रम पर प्रकाश डाला.

- कुलपति ने दिलाई खेल भावना की शपथ
- राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया गया नमन, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी का औचक निरीक्षण

# दो दुकानों पर लगा जुर्माना, कई सैंपल जांच के लिए भेजे गए



**मेदिनीनगर** । शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने अभिहित पदाधिकारी सह एसीएमओ के निर्देश पर मेदिनीनगर शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता की स्थिति और मिलावट की रोकथाम सुनिश्चित करना था. निरीक्षण के दौरान जैन श्री रेस्टोरेंट, लजीज रेस्टोरेंट, शिवम स्वीट्स, अमित स्वीट्स, सुरेंद्र गुपचुप समेत कई दुकानों से पनीर, चाउमिन व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है. रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर शिवम स्वीट्स और अमित स्वीट्स पर 500-500 रुपये का जुर्माना लगाया गया. एफएसओ लव कुमार गुप्ता ने दुकानदारों और होटल संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने हाइजीनिक किचन, सही स्टोरेज, एक्सपायरी डेट की जांच और कर्मचारियों की सफाई व्यवस्था को अनिवार्य बताया. बताया गया कि आने वाले दिनों में जिलेभर में यह अभियान जारी रहेगा.

## आक्रोश — हिंदू महासभा ने कहा- जब तक कार्रवाई नहीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा

# एसडीएम पर कार्रवाई की मांग को ले अनिश्चितकालीन बंद

शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)



प्रखंड में शुक्रवार को हिंदू महासभा के आह्वान पर एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुरू हुए अनिश्चितकालीन बंद का मिला-जुला असर देखा गया. सुबह से ही हिंदू समुदाय से जुड़े दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जबकि अन्य समुदायों की दुकानें और बाजार सामान्य रूप से खुले रहे. परिवहन व्यवस्था भी आम दिनों की तरह सुचारू रही. बस स्टैंड से वाहनों का आवागमन निर्बाध रूप से चलता रहा, जिससे आम लोगों को कोई विशेष परेशानी नहीं हुई. बंद के मद्देनज़र एसडीएम के निर्देश पर प्रखंड के प्रमुख चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई. प्रशासनिक सतर्कता के चलते कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली.

हिंदू महासभा की बैठक और आंदोलन का विस्तार : बंद के दौरान दुर्गा बाड़ी परिसर में हिंदू महासभा की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता मनोज जायसवाल ने की. बैठक में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समुदाय के लोग शामिल हुए. इसमें निर्णय लिया गया कि शनिवार को भी बंद जारी रहेगा और आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा. पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और जनप्रतिनिधियों का समर्थन : इस मुद्दे पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह भी महुआडांड़ पहुंचे और बंद का समर्थन किया. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि एसडीएम विशेष समुदाय का पक्ष ले रहे हैं और हिंदू महासभा प्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जो प्रशासनिक आचरण के खिलाफ है. उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और एसडीएम पर कड़ी कार्रवाई की मांग की. इस दौरान मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह ने भी हिंदू महासभा के आंदोलन को अपना समर्थन दिया. हिंदू महासभा ने स्पष्ट किया है कि जब तक एसडीएम पर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा.

### विधायक आज करेंगे स्टेडियम का शिलान्यास

**बरवाडीह (लातेहार)**। गढ़वाटांड़ के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए यह क्षण ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है. लंबे संघर्ष और इंतजार के बाद आखिरकार गढ़वाटांड़ के खेल मैदान को स्टेडियम का दर्जा मिल गया है. स्थानीय विधायक रामचन्द्र सिंह के कर-कमलों से स्टेडियम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा. इस स्टेडियम के बन जाने से न केवल गढ़वाटांड़ बल्कि आसपास के पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का सुनहरा अवसर मिलेगा. ग्रामीणों का मानना है कि यह स्टेडियम यहां की नई पीढ़ी को खेलकूद के क्षेत्र में नई दिशा देगा. वही इस शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू) ने दी है. विधायक खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और गढ़वाटांड़ का यह स्टेडियम उसी सोच का नतीजा है.

## पीएम की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजयुमो ने दर्ज कराया केस

**लोहरदगा**। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लोहरदगा थाना पहुंचकर कांग्रेस के दरभंगा में आयोजित एक कार्यक्रम के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई. भाजयुमो कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया. इसे लेकर संगठन ने थाने में लिखित शिकायत दी. इस मौके पर भाजयुमो झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष आज़ाद शत्रु ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का यह रवैया बेहद निंदनीय है. अगर भविष्य में कांग्रेस कार्यकर्ता इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं तो भाजपा और युवा मोर्चा ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे. उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री की मां के बारे में टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. ज्ञापन देने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, भाजपा जिला मंत्री मिथुन कुमार, राजकुमार साहू, पवन सिंह, सुनील कुमार, सचिन सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे.

- भाजयुमो कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया

## वाहन जांच अभियान चलाया गया दो लाख से अधिक जुर्माना वसूला

**गुमला**। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को गुमला बाइपास रोड उर्मी और केओ.कालेज के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया. जांच में दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट, लाइसेंस आदि जांच की गई. बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल वाहन, ट्रिपल राइड गतिशील वाहन चलाना, ट्रक, हाइवा ,कंटेनर, पिकअप, ट्रैलर, वाहन के चालकों से इंश्युरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न, मल्टी टोन हॉर्न, परमिट, पोलुशन, टैक्स आदि की जांच की गई. वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर 2,05,500 (दो लाख पांच हजार पांच सौ रुपये) का जुर्माना वसूला गया. सड़क सुरक्षा सेल की ओर से 215 से ज्यादा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया. यातायात नियमों की जानकारी दी गई. अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रधान लिपिक टी एन निराला, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभास, सूचना प्रोद्योगिकी मंटू रवानी, अश्वनी कुमार, प्रिंस कुमार एवं पुलिस बल शामिल थे.

- सड़क सुरक्षा सेल की ओर से 215 से ज्यादा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया



### गुमला में यूरिया संकट गहराया : किसान बेहाल, प्रशासन परेशान

# कालाबाजारी व अव्यवस्था ने बढ़ाई मुश्किलें महिला किसानों ने किया जमकर विरोध-प्रदर्शन

शुभम संदेश । गुमला

गुमला जिले में यूरिया की भारी किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. किसान जहां सरकारी दर पर खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं, वहीं कई दुकानदार मनमानी कीमत पर यूरिया बेचने में लगे हैं. जिले में आधा दर्जन से अधिक थोक विक्रेता होने के बावजूद, न तो यूरिया की उपलब्धता की कोई स्पष्ट जानकारी है और न ही इसकी बिक्री की पारदर्शिता. शहर और ग्रामीण इलाकों में यूरिया की कालाबाजारी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं. आरोप है कि जानबूझकर संकट दिखाकर खुदरा स्तर पर ऊंचे दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है.

**महिला किसानों ने किया टावर चौक जाम, अधिकारियों से हुई तीखी नोकझोंक :** गुमला में यूरिया की कमी से नाराज़ महिला किसानों ने टावर चौक के पास सिसई रोड को जाम कर विरोध जताया. प्रदर्शन का नेतृत्व प्रगतिशील



महिला वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने किया. इसी दौरान रांची से आ रहे कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर भी जाम में फंस गए. उन्होंने प्रदर्शनकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य में यूरिया उपलब्ध नहीं है तो गुमला में कहां से आएगा? उनके चेतावनी भरे रुख के बाद महिलाएं डर के कारण जाम हटाने को मजबूर हो गईं. लेकिन कुछ ही मिनटों बाद शंकर कृषि केंद्र में हजारीबाग से आए 555 पैकेट यूरिया का आगमन हुआ, जिससे



अधिकारी की बातों पर सवाल खड़े हो गए.

**सुबह से लगी थी किसानों की लंबी कतार, बारिश में भी नहीं हिले :** शंकर कृषि क्रांति केंद्र पर सुबह 5 बजे से ही किसान यूरिया लेने के लिए लाइन में लगे हुए थे. बारिश के बावजूद किसान अपनी जगह पर डटे रहे. भीड़ और अव्यवस्था की जानकारी मिलते ही एसडीओ राजीव नीरज और कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर मौके पर पहुंचे. उन्होंने तत्काल सरकारी दर पर यूरिया बिक्री शुरू करवाई. इस दौरान किसानों को 266.5 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया उपलब्ध कराया गया.

**ग्रामीण इलाकों में हो रही खुलेआम कालाबाजारी, प्रशासन सतर्क :** हालांकि शंकर कृषि केंद्र पर सरकारी दर पर यूरिया मिला, लेकिन जिले के ग्रामीण इलाकों में यूरिया 500 से 600 रुपये प्रति बोरी में बिकने की खबरें हैं. कई जगहों पर बिना लाइसेंस वाले दुकानदार भी यूरिया बेचते देखे गए हैं. शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने मेन रोड स्थित कृषि क्रांति दुकान पर छापेमारी की, लेकिन वहां यूरिया नहीं मिला. दो दिन पहले इसी दुकान से एक किसान को यूरिया खरीदते देखा गया था. एसडीपीओ ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी कालाबाजारी की जानकारी मिले तो प्रशासन को तुरंत सूचना दें. उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा. प्रशासन अब इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है.

## एक नजर

### गुमला : झोला छाप डॉक्टर की दवा से गर्भवती महिला की बिगड़ी हालत, शिशु की मौत

**गुमला**। थाना क्षेत्र के कतरी गांव में एक झोला छाप डॉक्टर द्वारा दी गई दवा से गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ गई. डॉक्टर ने बीपी और गर्भपात की दवा देने के नाम पर चार सौ रुपये में आठ गोलियां दीं. दवा लेने के बाद महिला को पेट दर्द शुरू हुआ और हालत गंभीर हो गई. परिजन उसे गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे. अल्ट्रासाउंड में तीन माह के भ्रूण की मौत की पुष्टि हुई. डॉक्टरों ने गर्भ की सफाई का सुझाव दिया. मामले ने झोला छाप डॉक्टरों की लापरवाही उजागर कर दी है.

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल कूद का आयोजन

**गुमला**। हाकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर जिले के विद्यालयों में खेल कूद का आयोजन कर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया. स्कूली बच्चों ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और शिक्षकों ने उनके बारे में बच्चों को जानकारी दी. इस अवसर पर कहीं खेल कूद तो कहीं जागरूकता रैली भी निकाली गई. जागरूकता रैली में बच्चों ने नारे और पोस्टरों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया.

### सिमडेगा सदर सीओ समाहरणालय परिसर में गिरे

**सिमडेगा**। सदर सीओ मो. इम्तियाज़ अहमद शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े. उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया.

### बड़की चांपी स्कूल को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान

**लोहरदगा**। विद्या भारती द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चांपी के भैया-बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुमला विभाग में ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता का आयोजन 28 अगस्त 2025 को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में किया गया था. प्रतियोगिता में विद्यालय ने संस्कृति बोध परियोजना, अंग्रेजी, संस्कृत, वैदिक गणित, संगणक और विज्ञान जैसे विषयों में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए. प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अब प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी व कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं.

### सदर के रसोईघर के चावल की एसडीओ ने की जांच

**गुमला**। सदर एसडीओ राजीव नीरज ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. सदर अस्पताल में संचालित रसोई घर में साफ सफाई व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली. एसडीओ के निर्देश पर सीओ हरीश कुमार ने सदर अस्पताल के रसोई घर में बनने वाले चावल का नमूना लिया और सील कर जांच के लिए रांची भेज दिया. एसडीओ के अनुसार उन्हें मरीजों के लिए बनने वाले भोजन का चावल पीडीएस दुकान का होने की शिकायत मिली थी. सीओ ने बोरा से चावल लेकर उसे सील करते हुए जांच के लिए नामकुम रांची भेज दिया.

### तालाब में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत

**गुमला**। गुमला शहर से सटे चेटर स्थित तालाब में डूबने से 22 वर्षीय युवक श्रवण उरांव की मौत हो गई. घटना शुक्रवार की शाम चार बजे की बताई जारही है. घटना की सूचना पर गुमला थाना के एस आई विनय कुमार महतो घटना स्थल पहुंचे. ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला. पंचनामा कर शव को सदर अस्पताल गुमला में पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

### कुड़ू में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच

**कुड़ू/लोहरदगा**। प्रदान एवं अद्वितीया हेल्थकेयर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कुड़ू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में पेट, आंत व पाचन तंत्र से संबंधित बीमारियों की जांच की गई तथा सैकड़ों लोगों का इलाज कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं. पेट रोग विशेषज्ञ डॉ दीक्षा कपूर ने शिविर में मौजूद रहकर मरीजों की जांच की और उन्हें स्वस्थ दिनचर्या के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए. शिविर के दौरान ग्रामीणों को नशा छोड़ने के प्रति भी जागरूक किया गया, ताकि पेट की गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके.

### शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सिमडेगा**। सदर प्रखंड के बीरू स्थित शांति नेत्रालय में विश्व जागृति मिशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर जरूरतमंदों के बीच धोती और साड़ी का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व मंत्री और गोंड महासभा अध्यक्ष विमला प्रधान ने गुरुजी को याद करते हुए कहा कि शिबू सोरेन जीवनभर आदिवासी और दलित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे.

### राहुल दसौंदी अहतू थाना के नए प्रभारी बने



**गुमला**। गुमआ अहतू थाना में शुक्रवार को नए थाना प्रभार के रूप में राहुल दसौंदी ने प्रभार ग्रहण किया. तत्कालीन अहतू थाना प्रभारी सन्नी कुमार से राहुल दसौंदी ने प्रभार ग्रहण किया. सन्नी कुमार का स्थानांतरण भरनो थाना में हुआ है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने बूके व उपहार देकर एसआई सन्नी कुमार को विदा किया जबकि नए अहतू थाना प्रभारी राहुल दसौंदी को बूके देकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर एसआई बीरबल पांडेय, मींटू सिंह, सगीर आलम, संजीव कुमार, श्रवण भगत, हरिदयाल सिंह, ए शुक्ला, गौतम कुमार, मदन शर्मा, वीरु नारायण देव आदि शामिल थे.

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर सड़क बनाई

**इटकी**। प्रखंड के सियार टोली में शुक्रवार को ग्रामीणों ने श्रमदान कर भारी बारिश से क्षतिग्रस्त आधा किलोमीटर सड़क को चलने लायक बना दिया। यह सड़क इटकी महुआ टिकरा से सियार टोली को जोड़ती है, जो लंबे समय से जर्जर थी। सड़क खराब होने से बच्चों और ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्तों से तीन किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी। अब सड़क सुधरने से आवागमन आसान हो गया है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया कि चुनाव के समय वादे होते हैं, पर बाद में कोई सुध नहीं लेता.

### करम पूर्व महोत्सव में झूमे लोग, लोगों का मोहा मन

**पिपरवार**। बचरा श्रमिक क्लब में करमा पूर्व महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जीएम संजीव कुमार समेत कई विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बाहर से आई टीमों ने खोड़हा और आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। जीएम ने कहा कि झारखंड की संस्कृति और आदिवासी परंपराएं प्रकृति से जुड़ी हैं, जिन्हें संरक्षित करना आवश्यक है। अतिथियों ने मांदर बजाकर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उल्लासपूर्वक पर्व का जश्न मनाया.


### राष्ट्रीय खेल दिवस पर बचरा में हुई प्रतियोगिता

**पिपरवार**। बचरा चार नंबर खेल मैदान में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चतरा जिला एथलेटिक्स संघ और गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उद्घाटन किया और हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 100, 600 व 1600 मीटर दौड़ व गोला फेंक जैसे इवेंट शामिल थे.

### 5 को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, तैयारी शुरू

**पिपरवार**। बचरा जामा मस्जिद में शुक्रवार को अंजुमन फैजुल इस्लाम की बैठक हुई, जिसमें आगामी 5 सितंबर को ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता इस्लाम अंसारी ने की, संचालन इरफान शेख ने किया.

## सरकार समाज की उन्नति व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



**बुंडू**। भारत सरकार जनजातीय समाज के उत्थान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. यह बात निदेशक पंचायती राज विभाग, विपुल उज्जवल ने बुंडू ब्लॉक परिसर में ग्राम प्रधानों की दो दिवसीय कार्यशाला में कही. उन्होंने ग्रामसभा के माध्यम से विकास योजनाएं बनाने और स्थायी समितियों के गठन पर जोर दिया. निदेशक ने बताया कि पंचायत जितनी बड़ी होगी, संसाधन बढ़ाने होंगे और स्थायी समितियों की संख्या बढ़ाने से अधिक फंड मिलेगा. उन्होंने ग्राम प्रधानों को "मेरी पंचायत" ऐप डाउनलोड कर ग्रामसभा के फंड की जानकारी लेने की सलाह भी दी. निदेशक ने कहा कि गांव की प्राथमिकताएं और सार्वजनिक फायदे तय करना आवश्यक है. इस दौरान ग्राम प्रधानों ने ग्रामसभा के अधिकार और कर्तव्य पर प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में निदेशक के सलाहकार रोहिणी में, डीपीएम विभा सिन्हा, बीडीओ सावित्री कुमारी सहित सभी ग्राम प्रधान मौजूद थे.

## खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि

**पिपरवार**। पिपरवार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. आर. चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर व चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक में तीन बार स्वर्ण पदक दिलाया। खेलकूद को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से रोजाना खेल गतिविधियों में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे।

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, गए जेल

**गुमला**। नशापान के खिलाफ पालकोट थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों में उमड़ा गांव निवासी अंकित साहू और विकास साहु के नाम शामिल हैं.दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और शुक्रवार को जेल भेज दिया गया.

## गुमला में डीसी ने जागरूकता रथ को रवाना किया

**गुमला**। खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता शशींद्र बड़ाईक और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया. उपायुक्त ने बताया कि यह रथ ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजार, चौक-चौराहों पर जाकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक, दाल, चीनी, धोती-साड़ी वितरण योजना और पीवीटीजी डाकिया योजना जैसी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएगा. साथ ही पीजीएमएस और एजीआरएस (एडवांस शिकायत निवारण प्रणाली) के बारे में भी लोगों को अवगत कराया जाएगा. अंत्योदय अन्न योजना के तहत पीला कार्डधारियों को 35 किलो, गुलाबी व हरा कार्डधारियों को प्रति सदस्य 5 किलो अनाज निःशुल्क प्रदान किया जाता है.

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित, डीसी ने किया प्रोत्साहित, बोले

# खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

शुभम संदेश । लोहरदगा



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिंदू लोहरदगा में जिला खेल विभाग की ओर से पारंपरिक गुलेल और गेंड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित अन्य अतिथियों द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का भारतीय हॉकी में योगदान अतुलनीय है. उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने वैश्विक स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया. आज क्रिकेट, तीरंदाजी और शतरंज जैसे खेलों में भारत विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहा है. महेंद्र सिंह धोनी, दीपिका कुमारी जैसे खिलाड़ियों ने झारखंड को गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि लोहरदगा जैसे जिलों में भी हॉकी खिलाड़ियों को तैयार करने की पूरी संभावना है और यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है.

डॉ ताराचंद ने युवाओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी महत्व दें. उन्होंने कहा कि खेलों में अब करियर की असीम संभावनाएं हैं. अगर खिलाड़ी समर्पण के साथ मेहनत करें तो वे जिला, राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं.

उन्होंने चिंता जताई कि देश की जनसंख्या के हिसाब से ओलंपिक में भारत की पदक संख्या काफी कम है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है. इसके लिए ज़मीनी स्तर से खेल प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें प्रशिक्षित करने की जरूरत है. स्कूल स्तर से शुरुआत कर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का लक्ष्य बनाना चाहिए.

इस अवसर पर आयोजित गुलले और गेंड़ी प्रतियोगिताओं में बालक और बालिका वर्ग के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और खेल किट देकर सम्मानित किया गया. साथ ही सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के अंतर्गत बरवाटोली, भंडरा, निंगनी, चिरी और हेंदलासो क्लब को 25-25 हजार रुपये की अनुदान राशि का चेक भी प्रदान किया गया. मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा सहित अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में छात्र-खिलाड़ी उपस्थित थे.

### अनुकंपा पर आशीष कच्छप और मेरी उरांव को मिला नियुक्ति पत्र

## डीसी ने दी ईमानदारी से सेवा करने की सलाह

**लोहरदगा**। जिला अनुकंपा समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने दो पात्र अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया. स्वर्गीय इंद्रदेव कच्छप (पूर्व अमीन, अंचल कार्यालय कैरो) के पुत्र आशीष कुमार कच्छप को लिपिक पद पर तथा स्वर्गीय रूपेश उरांव (पूर्व अनुसेवक, प्रखंड कार्यालय सेन्हा) की पुत्री मेरी उरांव को अनुसेविका के पद पर नियुक्त किया गया. नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उपायुक्त ने दोनों कर्मियों को ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी. उन्होंने बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने और टीम भावना बनाए रखने की भी अपील की. डॉ. ताराचंद ने दोनों को उज्ज्वल भविष्य की



शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत कुमार सूरज एवं दोनों नवनियुक्त कर्मी उपस्थित रहे.

**करमा पर्व पर रोहित उरांव ने बांटे मांदर, कहा– सांस्कृतिक धरोहर को मिलकर बचाएं.**

लोहरदगा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वितरण

लोहरदगा. सदर प्रखंड अंतर्गत आदिवासी कला केंद्र भवन, कुटमू में समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित उरांव द्वारा करमा पर्व के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बीच सैकड़ों मांदर (पारंपरिक वाद्य यंत्र) का वितरण किया गया. कार्यक्रम में रोहित उरांव ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में हमें अपनी धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर को एकजुट होकर बचाने की जरूरत है. करमा पर्व आदिवासी समाज की पहचान है और मांदर इसका अहम हिस्सा है. मांदर की थाप से गांव में उत्सव, गीत, नृत्य और सामाजिक समरसता का माहौल बनता है. उन्होंने कहा कि करमा पर्व की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए, इसलिए मांदर का वितरण समय पर किया गया है. मौके पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे.

## प्रतिमा विसर्जन के साथ गणपति महोत्सव संपन्न



**गुमला**। गुमला में प्रतिमा विसर्जन के साथ गणपति महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हो गया. राष्ट्रीय एकता का पर्व गणपति महोत्सव गुमला के लगभग एक दर्जन स्थानों में प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ तीन दिवसीय उत्सव मनाया. शुक्रवार को हवन के बाद शोभा यात्रा निकाली जहां गणपति बप्पा मोरेया .. अगले वर्ष तू जल्दी आ.. के जयघोष व डीजे साउंड में झूमते हुए नगर भ्रमण किया और सिसई रोड स्थित तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया. पूजा स्थल में शांति जल ग्रहण के बाद गणपति उत्सव संपन्न हो गया.

### पलायन पर चिंता | सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सरकार से की मांग

# पलायन रोकें, स्थानीय युवाओं को रोजगार दें

- मानव तस्करी, बेरोजगारी और उद्योग की स्थापना न होने को लेकर जताया असंतोष

शुभम संदेश । सिमडेगा

विधानसभा के मानसून सत्र में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में बढ़ते पलायन, मानव तस्करी और रोजगार की समस्या को लेकर सरकार से तीखे सवाल किए. उन्होंने पूछा कि क्या यह सच है कि रोजगार की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने से महिलाएं, किशोर और किशोरियां पलायन को मजबूर हैं?

सरकार ने जवाब में बताया कि नियोजनालय और कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित और प्लेसमेंट दिया गया है.



मनरेगा के तहत लाखों मानव दिवस का सृजन हुआ है. लेकिन विधायक ने इसे खानापूर्ति करार देते हुए कहा कि मनरेगा से किसी परिवार की आर्थिक स्थिति नहीं सुधर सकती और सरकार युवाओं को बाहर भेजकर पलायन को बढ़ावा दे रही है.

उन्होंने मानव तस्करी पर भी सरकार के जवाब को गोलमोल बताया. सरकार ने बताया कि 2023 में पांच और 2024 में तीन मानव तस्करी से संबंधित मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें कार्रवाई जारी है. लेकिन विधायक ने कहा कि यह जवाब पीड़ित जनता के दर्द को नहीं दर्शाता.

विधायक ने यह भी पूछा कि क्या सरकार सिमडेगा में कोई उद्योग या कंपनी स्थापित करने पर विचार कर रही है. इस पर सरकार ने कहा कि वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गई है, लेकिन विधायक ने कहा कि ऐसा कोई जवाब सदन में मौजूद ही नहीं था. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की इच्छुक नहीं है और केवल बाहर भेजने की नीति पर काम कर रही है.

विधायक ने सरकार से पलायन को रोकने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की.

## गोड्डा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**नामकुम**। गोड्डा के आदिवासी नेता सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर मामले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर और अधिवक्ता आदिदेव वर्मा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य प्रियंक कानूनगो से नई दिल्ली में मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. उन्होंने सूर्या हांसदा के परिवार को सुरक्षा, मुआवजा और स्कूल के बच्चों के अधिकारों की रक्षा की भी अपील की. दोनों का कहना था कि यह घटना सोची-समझी साजिश है, जिसके खिलाफ त्वरित और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. एनएचआरसी सदस्य ने मामले का त्वरित संज्ञान लेने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

- सूर्या के परिजन को सुरक्षा, मुआवजा व बच्चों के अधिकारों की रक्षा की भी अपील

